हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–170 : जौनपुर, मंगलवार 07 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## त्वरित और प्रभावी कार्यवाही में नहीं होनी चाहिए लापरवाही –सीएम योगी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह हरहाल में सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी व्यक्ति की जमीन पर कोई भू माफिया अवैध कब्जा न कर पाए। इसके लिए जरूरी है कि भू माफिया को करारा कानूनी सबक सिखाया जाए। जमीन कब्जाने से संबंधित शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

चिंता न करें हल होगी हर समस्या

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया सबकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने 500 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक कार्यवाही का भरोसा दिया। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीनी विवाद व कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थीं। मुख्यमंत्री ने इत्मीनान से उनकी परेशानी जानी और अधिकारियों से कहा कि ऐसी कार्रवाई करें कि कोई भी दबंग जमीन कब्जा करने की जुर्रत न कर आए। जमीन के आपसी विवाद के मामलों में उन्होनें पक्षों के बीच कॉउंसलिंग करने और तदुपरांत यथोचित विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अपराध व जमीनी विवाद संबंधी शिकायतों को लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया 'घबराइए मत, सख्त कार्रवाई की जाएगी।' इस दौरान मुख्यमंत्री साथ चल रहे अधिकारियों को प्रार्थना पत्र की पत्रियां उनके अधिकार क्षेत्र के साथ सौंपते रहे और कार्रवाई के लिए जरूरी दिशा निर्देश देते रहे। अन्य जिलों से संबंधित शिकायतों को उन जिलों के अफसरों को भेजने के निर्देश दिए।

तहसील राजस्व संबंधी विवादों के निस्तारण में लाएं तेजी

सीएम ने जनता दर्शन में राजस्व से संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन की पैमाइश और राजस्व संबंधी



मामलों का तहसीलों में निस्तारण तेज किया जाए। जहां जरूरत पड़े पुलिस बल भी साथ लिया जाए। उन्होंने थानों और तहसीलों में समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान के प्रति अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरपूर मदद का भरोसा दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराकर शासन को भेजें। सरकार इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने देगी।

सीएम योगी के साथ खेलने लगा बालक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाल प्रेम के लिए भी विख्यात हैं। बच्चों के बीच सारे प्रोटोकॉल किनारे कर उन्हें दुलारना, उपहार के साथ आशीर्वाद देना उन्हें खूब भाता है। बच्चे भी सीएम योगी से खूब घुलमिल जाते हैं। मंगलवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते वक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर एक महिला के साथ आए बच्चे पर पड़ गई। उन्होंने बच्चे को दुलारा तो वह खूब खुश हो गया। फिर क्या था, सीएम व बालक भाव विह्वल होकर एक दूसरे के साथ खेलने लगे। कुछ देर दुलारने के बाद मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट गिफ्ट कर आशीर्वाद दिया।

## पति ने पत्नी की हत्या कर दफन कर दिया शव : बहन की तहरीर पर कार्यवाही : हिरासत में आरोपी

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में अहरौला थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता की तीन मार्च को उसके पति ने ही हत्या कर दी और शव को दफन कर दिया। मृतका की बहन ने इस बाबत थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस आरोपित पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की कवायद में जुटी है। नगर पंचायत माहुल के वार्ड संख्या एक निवासी जरीना बानो पुत्री वजीर अहमद ने सोमवार को थाने पर तहरीर दी कि उसकी छोटी बहन शाहिना बानो (25) की शादी माहुल के वार्ड संख्या आठ निवासी आसिफ कुरैशी के साथ हुई थी। दो दिन पूर्व आसिफ ने उसकी बहन शाहिना पर ज्वलनशील पदार्थ डाल कर जला दिया। इसके बाद साक्ष्य छिपाने की नियत से उसने शव को दफन भी कर दिया। रविवार को उसे इस बात की जानकारी हुई तो वह बहन के घर गई। जहां घर पर ताला बंद मिला। जिस पर जरीना ने अहरौला थाने में तहरीर देकर बहनोई पर ही बहन को जला कर मार डालने व शव दफन कर देने का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की कवायद में जुटी है। जरीना ने दफन शव को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराए जाने की भी मांग की है। घटना की तहरीर



मिली है। मृतका के भाई को जानकारी के लिए बुलाया गया है। फिलहाल आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जरूरत पड़ने पर कब्र से शव निकलवा कर पोस्टमार्टम भी कराया जाएगा।– योगेंद्र बहादुर सिंह, एचएचओ, अहरौला।

रंगों का पर्व होली के शुभ अवसर पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

देश की उपासना

राष्ट्रीय हिन्दी मासिक/साप्ताहिक /दैनिक समाचार पत्र परिवार समूह

कार्यालय –उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

सम्पर्क सूत्र– 9415034002, 7828035046

## यह होली हमारी जिन्दगी की यादगार रहेगी –सिटी मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। होली से हमारे दिलो मे प्यार और आत्मीयता का संचार होता है होली के रंग हम सब के जीवन मे खुशियो के रंग भरने का काम करते हैं। वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् (वृद्धाश्रम) मे निराश्रित बुजुर्गो के बीच होली का उत्सव मनना एक अपने मे पुण्य पर्व सा है । होली मे बनने वाले विभिन्न प्रकार के पकवान हमारे जीवन मिठास घोलने के लिए का संदेश देते है। वृद्धाश्रम मे सभी का परिवारिक वातावरण मे हर्षोल्लास के साथ होली मनना मन को प्रफुल्लित करने वाला अनुभव है । ये होली हमारी जिन्दगी की यादगार रहेगी। उक्त उद्गार 'सिटी मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी ने वृद्धाश्रम' मे होली समारोह मे व्यक्त किये। उन्होने आश्रम मे रहने वाले सभी संवासियो को वस्त्र वितरण किये। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. शीर्षेन्दु शील''विपिन'' ने कहा कि सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान परिवार द्वारा संचालित सभी वृद्धाश्रम कानपुर , झांसी, लखनऊ, सीतापुर की तरह अल्लीपुर हरदोई मे भी संस्थापक प्रबन्धक डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी''मधुपेश'' निर्देशानुसार धूमधाम से होली का समारोह आयोजित



किया गया। वृद्धाश्रम मे होली जैसे समारोह जीवन नवीन आशा और उमंग लाते है जिससे इनके स्याह जीवन मे फिर से रंगत लौट आते है। वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गो ने एक दूसरे को रंगो से सराबोर कर, फाग लोक गीत गाये कर होली का आनन्द लिया। समारोह का संचालन रूचि पाण्डेय ने किया ।आभार ज्ञापन शीला जायसवाल ने किया । इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता तथा 124 संवासी उपस्थित रहे।

सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान



परिवार की ओर से सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

पता–अल्लीपुर,हरदोई उत्तर प्रदेश

मो0– 9452079330

–डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी ''मधुपेश'' प्रबंधक

## दुर्घटना या अन्य इमरजेंसी होने पर 108 पर करें कॉल :अस्पतालों में रखें जाए पुख्ता इंतजाम –उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में होली के अवसर पर दुर्घटना अथवा अन्य किसी तरह की चिकित्सकीय जरूरत के लिए 108 एंबुलेंस मौजूद रहेगी। दुर्घटना बहुल स्थान पर अतिरिक्त एंबुलेंस मौजूद रहेंगी। इसकी निगरानी के लिए अलग से टीम लगाई गई है। उत्तर प्रदेश में 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि 108 सेवा की सभी एम्बुलेंस को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एंबुलेंस चिन्हित किए गए कुछ विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, हाट स्पाट व थानों के नजदीक मौजूद रहेंगी, जिससे आपातस्थिति में आए मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके और उनकी जान बचाई जा सके। सभी एम्बुलेंसों में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध हैं। टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट या सांस से सम्बंधित समस्या, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित समस्या होने, या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नम्बर पर तत्काल सूचना दें। 108 एम्बुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर सेवा देगी। इमरजेंसी में मौजूद रहेगी टीम, जरूरत पड़ने पर बुलाए जाएंगे विशेषज्ञ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने होली के मद्देनजर प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है



कि इमरजेंसी में दवाओं से लेकर चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मियों की मौजूदगी लगातार बनी रहनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर त्वचा, नेत्र रोग विशेषज्ञ को भी बुलाया जाए। उन्हें ऑन कॉल रखा जाए। पाठक ने ये निर्देश सोमवार को सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं अधीक्षकों को दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगों के पर्व को मनाने में खास सावधानी बरतें। प्रेम और सौहार्द के पर्व को शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं। किसी भी तरह के हुड़दंग से बचें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अस्पताल भी अलर्ट मोड में रहें। विशेषज्ञ डॉक्टर ऑनकाल रहें। इमरजेंसी में जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जांच की सुविधा भी दुरुस्त रखी जाए, ताकि मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। यहां दर्ज करें शिकायत इलाज में किसी भी तरह की असुविधा होने पर जिलों के सीएमओ कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नम्बर 18001805145 पर भी फोन कर मदद ले सकते हैं।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## होली पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट : बिलरियागंज में निकाला गया फ्लैग मार्च

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : होली पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट, बिलरियागंज में निकाला गया फ्लैग मार्च । आजमगढ़ जनपद के पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के दिशा निर्देशन



होली पर्व के मद्देनजर जनपद के सभी थानों के पुलिस टीमों को अलर्ट पर रखा गया है साथ ही साथ फ्लैग मार्च, अनाउंसमेंट, आदि के जरिए लोगों को शांति एवं सौहार्द पूर्वक पर्व को मनाने हेतु अपील कर रही है तो वहीं अराजक तत्वों को कड़ा संदेश दिया जा रहा है।

## लैंगिक समानता पर आधारित माई वर्थ कार्यक्रम सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था व एच सी एल फाउंडेशन के सहयोग से लैंगिक समानता पर आधारित माई वर्थ कार्यक्रम लखनऊ जनपद के 14 उच्च



प्राथमिक और 6 राजकीय इंटर कॉलेजों में संचालित किया जा रहा है । माई वर्थ कार्यक्रम के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिनहट में इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से समुदाय के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। जन जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक , पोस्टर एवं स्लोगन, लेखन वीडियो स्क्रीनिंग , विचार प्रस्तुतीकरण , अभिभावक बैठक, प्रचार व प्रसार के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्या से चिनहट बाजार तक जन जागरूकता रैली इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अभिषेक कुमार रघुवंशी (चिकित्सा अधिकारी) काशी फिजियोथेरेपी सेंटर इस कार्यक्रम के माध्यम से हिंसा मुक्त समाज तथा शिक्षा के महत्व पर चर्चा जैसी गतिविधियां हमें जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समुदाय के लोगों में सुरक्षा लैंगिक समानता व्यवहारिकता एवं भावना को जागृत करना तथा सभी को एकजुट होकर देश की एकता और विकास के लिए अपना अपना योगदान देना और माई वर्थ कार्यक्रम की गतिविधियों में बेहतर सहयोग प्रदान करने वाले स्टाफ अभिभावक विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, विद्यालय प्रधानाचार्य ( सरोज पंत कल्पना )पीयर लीडर ,क्लब मेंबर को माई वर्थ टीम की तरफ से सम्मानित किया गया उपरोक्त कार्यक्रम में लगभग 1983 विद्यार्थी विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य ,अभिभावक ,शिक्षक स्टेकहोल्डर ,शिक्षा विभाग,(अमरेश सिंह,वंदना ) के सदस्य तथा स्वास्थ्य विभाग के सदस्य माई वर्थ टीम के पीयर लीडर क्लब मेंबर तथा माई वर्थ टीम के सदस्य अंकुर दिवाकर , दीक्षा सिंह, सीमा रावत, प्रवेश कुमार, उपस्थित रहे।

आप सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं



–डॉ उत्तम कुमार गुप्ता
मानसिक, नस, मिर्गी, सिरदर्द, नशा एवं यौन (सेक्स) रोग विशेषज्ञ, एमबीबीएस, एमडी
न्यूरोसाइकियाट्रिस्ट
( मंगल क्लीनिक )
न्यूरोसाइकियाट्रिक सेंटर वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर, उत्तर प्रदेश



–सुविचार–

जहां अभिमान होता है वहां अपमान की फीलिंग जरुर आती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# होली का पर्व : बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक

भारत में रहने वालों या भारतीय सोच और संस्कृति से भिज्ञ लोगों के लिए होलिकोत्सव के विषय में व्याख्यान देने की आवश्यकता नहीं है,क्योंकि इन्हें इसके पीछे के इतिहास और सोच के विषय में इतनी जानकारी है कि, होलिकोत्व शब्द के श्रवणमात्र से आंखों के सामने होलिकोत्सव का परिदृश्य घूमने लगता है। अन्य अनेक उत्सवों की भांति होलिकोत्सव को भी हम असत्य, अन्याय, अत्याचार एवं छद्मप्रेम पर सत्य,न्याय, सदाचार और निश्छलप्रेम के विजय के रूप में मनाते हैं। यह उत्सव प्रकृति के रमणीक परिवेश में मनाया जाता है, इस कारण इसमें प्रकृति की रम्यता का अधिकाधिक पुट रहता है। इस अवसर पर न शीत की सिकुड़न, न ग्रीष्म की जलन और न ही वर्षा की चिपचिपाहट लोगों के तन–मन को व्यथित कर पाते हैं, अपितु प्रकृति की सौम्यता ही लोगों के लिए वह मधुमय–वातावरण प्रस्तुत करती है,जिसके वशवर्ती हुए लोग उन्मुक्तता की धारा में बहते दृष्टिगत होते हैं। ऐसे बहाव में आत्मसंयम की आवश्यकता होती है, क्योंकि जब कोई रोक टोक सहने और समझने की स्थिति न हो तो आत्मसंयम अपरिहार्य हो जाता है, अन्यथा जब किसी भी कारण से उन्मुक्त बहाव पर अंकुश अनुभव होता है तब वह अप्रत्याशित सा होने के कारण अत्यधिक कष्टप्रद होने लगता है। ऐसी स्थिति में इस प्रकार के उत्सव, जिसमें खुशियों के गुलाल उड़ानें की परम्परा हो तो, गुलाल उड़ाते समय भी इस बात का ध्यान रखने की आवश्यकता होती है कि अपनों के खुशियों के गुलाल,किसी अन्य के आंखों की किरकिरी का रूप धारण न कर लें। होलिकोत्सव को केन्द्रित करके के अपनी शीघ्र प्रकाश्य कृति ''जीवन के स्वर'' में लिखी निम्नलिखित पंक्तियों के माध्यम से ''देश की उपासना''– परिवार की ओर आप सभी पाठक बन्धुओं,विज्ञापनदाताओं और देश की उपासना– परिवार के शुभेच्छुओं का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सभी के लिए होलिकोत्सव शुभप्रद हो, इसी कामना के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं

**आपस के बैर – भाव, होलिका में राख हों।**
**खुशियों की रंग–भरी, प्रेम – पिचकारी हो।**
**जीवन की नदियों में, बहे धार आशा की।**
**हरी–भरी दुनिया से, लोगों में प्यार हो।**
**महके गुलाल – गंध, धरती के गंध सङ्ग।**
**आनन्द–रस विजया के, मधुवत मिठास दें।**
**बसन्त की वयार झूम, बांटे सन्देश घूम।**
**रस –रूप स्रष्टा की, सृष्टि से लगाव हो।**
**हुड़दङ्ग बीच होली के, लुप्त हो न आह कहीं।**
**आंखें न बन्द करे , किरकिरी गुलाल की।**
**कामना है घर– घर ऋद्धि–सिद्धि ही दिखे।**
**सृष्टि में समृद्धि युक्त, समता का वास हो ।**

**देश की उपासना परिवार के सभी सदस्यों की ओर से आप समस्त देश वासियों को होली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं**

**सम्पादक– शिवशंकर द्विवेदी**

# सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्तीयां ब्लाक स्तर पर : तिथियां हुई निर्धारित'

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड–19 के प्राविधानो के तहत सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा। विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण के अनुसार निर्धारित कीं गई है जिसमें 13 मार्च को मसौधा ब्लॉक, 14 मार्च को सोहावल ब्लाक, 15 मार्च को बीकापुर ब्लॉक, 16 मार्च को मिल्कीपुर ब्लाक, 17 मार्च को मया बाजार ब्लाक, 18 मार्च को पूराबाजार ब्लॉक, 19 मार्च को हैरिंगटनगंज ब्लाक, 20मार्च को अमानीगंज ब्लॉक, 21 मार्च को तरुण ब्लॉक, 22 मार्च को मवई ब्लॉक, 23 मार्च को रुदौली ब्लॉक में और पुनः 24 मार्च को रुदौली ब्लॉक में शिविर आयोजन की तिथि निर्धारित की गयी है। श्री अजय कुमार शुक्ल ने आगे बताया कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं। जिला विकास अधिकारी ने शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा वरीय भर्ती अधिकारी अजय कुमार शुक्ल और और हर्षवेधन सिंह के द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे। भर्ती अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80–85 सेंमी तथा उम्र 21 से 37 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। जहा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12 वीं पास होना जरूरी है ।जिसके लिए उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है, जिसमें तिथि वार और जगह निर्धारित कर दिया गया है जो कि उपरोक्त है। जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी, सलाना वेतनवृद्धि, ।अधिक जानकारी के लिए दिए गए नम्बर पर सम्पर्क करें – 7388487131,9936755249

# एस. के. डी. एकेडमी में होली पर दिया गया आपसी सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 06 मार्च को एस.के.डी. एकेडमी की सभी शाखाओं में रंगो का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने पारम्परिक वस्त्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने प्रस्तुतीकरण में कौमी एकता, आपसी सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रस्तुत किया। पर्यावरण व स्वच्छ भारत अभियान को देखते हुए बच्चों ने आर्गेनिक रंगों व गेंदे एवं गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली। सभी शाखाओं के प्रिंसिपल व शिक्षकों ने होली का महत्व बताते हुए होलिका दहन की कहानी सुनाई।

इस अवसर पर निर्देशक श्री मनीष सिंह जी ने बच्चों को होली का महत्व बताते हुए उन्हें इको–फ्रेण्डली होली खेलने का सुझाव दिया एवं कहा, ''आपने हर बार हानिकारक रंगों का प्रयोग होली मे किया है तो इस बार इको–फ्रेण्डली होली मनाइये। इको–फ्रेण्डली होली खेल कर आप पानी की बर्बादी को रोकते हैं। साथ ही खतरनाक व एलर्जी पैदा करने वाले कैमिकल युक्त रंगों से खुद को भी बचाते हैं''। समारोह का समापन आर्गेनिक रंग व मिठाइयों का वितरण कर हुआ।

# प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल रोहित अग्रवाल द्वारा प्रदेश वासियों को दी गयी होली की हार्दिक शुभकामनाएं



–रोहित अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल रोहित अग्रवाल ने अपने आवास पर एक बैठक में प्रदेश की समस्याओ पर विचार मंथन करते हुए उसके निराकरण के लिए रणनीति तय की गयी। उक्त अवसर पर उनके द्वारा प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी और उन्होंने कहा कि होली सौहार्द का त्यौहार है इस पर आपसी भाईचारे को बढ़ावा दीजिएगा देश में बढ़ रही भाईचारे की खाई को पाटने का काम करें।

# उत्तर रेलवे ने धूमधाम से मनाया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस : उत्कृष्ट सेवा के लिए महिला रेलकर्मी हुईं सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर प्रत्येक वर्ष 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में उत्तर रेलवे ने आज राष्ट्रीय रेल संग्राहालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल मुख्य अतिथि थे तथा उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शिखा गंगल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। साथ ही इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, आशुतोष पंत सहित सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शिखा गंगल ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष महिला दिवस का मूल विषय "लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रोद्यौगिकी" है। उन्ह्होंने आगे कहा कि भारतीय रेल में आज प्रत्ध्येक स्ध्तर पर महिलाओं की भागीदारी निरन्तर बढ़ रही है तथा गाड़ियों के संचालन से जुड़े कार्यों जिनमें अभी तक पुरूषों का बोलबाला था, में भी महिलाओं की भागीदारी निरन्तर बढ़ रही है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने कहा कि इस अमृत काल में हमें आने वाले 25 वर्षों में ऐसे प्रयास करने हैं जिनसे महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाया जा सके, तभी हम इस वर्ष की थीम – "लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रोद्यौगिकी" के सपने को सही रूप में साकार कर




सकते हैं। उत्तर रेलवे की प्रमुख मुख्ध्य कार्मिक अधिकारी प्रमिला हिंगोरानी भार्गव ने उपस्थित सभी महिलाओं व अधिकारियों को इस अवसर पर अपनी शुभकामनायें दी तथा प्रत्ध्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी की प्रशंसा की। साथ ही उन्ध्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक रहने का आग्रह किया। समारोह के अन्ध्त में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों तथा इस अवसर पर आयोजित प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसे दर्शकों की भरपूर सराहना मिली। इससे पूर्व दिनांक 01.03.2023 से दिनांक 03.03.2023 तक महिलाओं के लिए उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस नई दिल्ली में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें रंगोली प्रतियोगिता, क्विज (प्रश्नोत्तरी), कुकिंग– प्रतियोगिता इत्यादि शामिल थे। साथ ही महिलाओं के कानूनी अधिकार तथा उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया । इसी आयोजन के अन्तर्गत दिनांक 13 मार्च 2023 को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं की स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच निःशुल्क की जाएगी।

# प्रदेश भर में मनाया गया नेशनल फार्मेसी एजूकेशन डे

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत देश में फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रोफेसर एम एल सराफ के जन्मदिन के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में सभी शिक्षण संस्थानों चिकित्सालय फार्मेसी संस्थानों उद्योगों आदि में नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे मनाया गया इस अवसर पर लखनऊ में फार्मासिस्ट फेडरेशन से जुड़े सभी संघों और फेडरेशन की यूथ विंग तथा वैज्ञानिक समिति, सेवानिवृत्त विंग आदि द्वारा वन विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें प्रो सराफ के जीवन और उनके संघर्षों पर विस्तृत चर्चा हुई । संगोष्ठी का प्रारंभ केक काटकर और चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत हुआ । फेडरेशन द्वारा एम एल सराफ के बारे में लेखन और पोस्टर ईमेल पर आमंत्रित किए गए जिस पर सैकड़ों लेख पोस्टर आए हैं, स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा परीक्षण उपरांत उसमें श्रेष्ठता क्रम निर्धारित कर सभी को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। स्टेट फार्मेसी काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन और फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा प्रो सराफ के जन्मदिन 6 मार्च को ''नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे'' घोषित किया गया है ।प्रोफेसर सराफ ने भारत में फार्मेसी शिक्षा को प्रारंभ कर उसे बढ़ाने में महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय योगदान दिया है । इसलिए आज उनके प्रयासों को याद करने का दिन है । लखनऊ में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी एमिटी यूनिवर्सिटी के साथ ही सेठ विशंभर नाथ फार्मेसी संस्थान, हाइजिया, गोयल, हिंद, आजाद, टीएमसी, सरोज सहित सभी फार्मेसी संस्थानों में फार्मेसी छात्रों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, डिबेट, सेमिनार सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । वन विभाग के कार्यक्रम में फेडरेशन के संयोजक और फीपो के राष्ट्रीय अध्यक्ष के के सचान ने भारत में फार्मेसी शिक्षा की दिशा पर विस्तृत व्याख्यान दिया । आईपीए की उत्तर प्रदेश शाखा के सचिव आर ए गुप्ता ने कहा कि भारत में फार्मेसी शिक्षा के साथ ही इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन के गठन आदि में प्रोफेसर श्रॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । उन्होंने मानव समाज पर दवाओं के कुप्रभाव को रोकने के लिए pharmacovigilance बनाने के लिए अनुरोध किया । जय सिंह सचान अध्यक्ष रिटायर विंग ने कहा कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रो.



श्रॉफ ने फार्मेसी को अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मिशन के रूप में अपनाया। 1931 में ड्रग्स इंक्वायरी कमेटी की रिपोर्ट पेश की गई। श्रॉफ ने ड्रग्स इंक्वायरी कमेटी की रिपोर्ट की सिफारिशों को बहुत गंभीरता से लिया और इस विशाल देश में फार्मास्युटिकल उद्योग की उज्ज्वल संभावनाओं की कल्पना की। यूथ विंग के अध्यक्ष आदेश ने कहा कि 1932 में, जब भारत में विज्ञान और संगठित पेशे के रूप में फार्मेसी लगभग न के बराबर थी, तब वे मालवीय जी को भारत में औषधि विज्ञान की महान संभावनाओं के बारे में समझा सके । महान दूरदर्शी मालवीयजी को इसके महत्व का एहसास होने में देर नहीं लगी और उनके संरक्षण में प्रो. श्रॉफ ने भारत में फार्मास्युटिकल शिक्षा के आयोजन का अपना कार्य शुरू किया। यहां तक कि उन्होंने इस परियोजना के लिए धन इकट्ठा करना भी शुरू कर दिया और इस तरह 1932 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में पहली बार फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री शिक्षा स्थापित करने में सफल रहे, जो बाद में फार्मास्यूटिक्स के पूर्ण विकसित विभाग के रूप में विकसित हुआ। यह संयुक्त राज्य अमेरिका की शिक्षा प्रणाली के समतुल्य आधुनिक फार्मास्यूटिकल शिक्षा की शुरुआत थी। प्रो. श्रॉफ ने इस प्रकार इस देश में औषधि शिक्षा की आधारशिला रखी। दिसंबर 1935 में, उन्होंने संयुक्त प्रांत फार्मास्युटिकल एसोसिएशन की शुरुआत की, जिसके वे संस्थापक सचिव थे। इसके तुरंत बाद प्रो. श्रॉफ का आंदोलन उत्तर प्रदेश (तत्कालीन संयुक्त प्रांत) की सीमाओं को पार कर गया। दिसंबर 1939 में यूपी फार्मास्युटिकल एसोसिएशन का विस्तार किया गया और अन्य राज्यों में शाखाओं के साथ इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन बन गया। उसी वर्ष के दौरान उन्होंने इंडियन जर्नल ऑफ फार्मेसी का प्रकाशन शुरू किया और 1943 में बनारस छोड़ने तक लगभग चार वर्षों तक इसके प्रधान संपादक रहे। 1940 में ड्रग्स एक्ट पारित कराने में प्रो. श्रॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका थी। आज भारत में फार्मेसी में डिप्लोमा बैचलर मास्टर पीएचडी के साथ ही फार्म डी की शिक्षा दी जा रही है हालांकि अभी भी भारत में फार्मास्यूटिकल केयर के अनुसार फार्मेसिस्टो का मानक नहीं बन सका है, इसलिए रोजगार के क्षेत्र में अभी बहुत कार्य किया जाना बाकी है । फेडरेशन द्वारा सरकार को इस संबंध में आवश्यक सुझाव भेजा जायेगा । कार्यक्रम को मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक महामंत्री अशोक कुमार उपाध्यक्ष ओपी सिंह सचिव जीसी दुबे यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष आदेश सेवानिवृत्त विंग के प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह सचान, एस एन सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल दुबे , अभिषेक शुक्ला प्रांतीय उपाध्यक्ष, अम्बरीष, आशीष , शुभेंद्र, सुधीर आदि ने संबोधित किया ।

# चौक घंटाघर पर सर्राफा मंडल के पदाधिकारियों ने मनाई होली : प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सुरक्षा कर्मियों के साथ रहे मुस्तैद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में रंगों का पर्व होली का असर 1 दिन पहले शहर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई दे रहा था मालूम हो कि इस बार रंगों का पर्व होली बुधवार को पड़ रही है लेकिन हमेशा की तरह जिले में 1 दिन पहले से ही एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए दिखाई दिये। मंगलवार को सर्राफा मंडल के पदाधिकारियों व सर्राफा परिवार के बच्चों ने चौक घंटाघर पर ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक होली खेले।जिसका नेतृत्व सर्राफा मंडल के सभी पदाधिकारी कर रहे थे। चौक घंटाघर में अपराहन बजे से ही सर्राफा मंडल के पदाधिकारियों ने अपने परिवार के बच्चों सदस्यों के साथ इधर से आने जाने वाले दो पहिया चार पहिया वह पैदल जाने वाले लोगों के साथ शालीनता से होली खेलते हुए नजर आ रहे थे इस मौके पर होली के दौरान बड़े बुजुर्ग व छोटे–छोटे बच्चे एक दूसरे पर रंग डालते हुए अबीर गुलाल लगाते होली की बधाई दे रहे थे वहां पर एक शालीनता यह भी दिखाई दे रही थी कि सर्राफा मंडल के पदाधिकारी में शामिल जो भी लोग हो या बच्चे हो इधर से गुजरने वाले जितने भी राहगीर और लोग जा रहे थे उन सभी के ऊपर रंगवा अबीर गुलाल लगाकर उनका पैर छूकर होली पर आशीर्वाद भी ले रहे थे जो कि ऐसा पराया कहीं कहीं भी दिखाई देता है वही सुरक्षा की दृष्टि से थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पांडे अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मुस्तैदी से जुटे हुए थे इस मौके पर वहां पर पर्याप्त संख्या में सादे व वर्दी में पुलिस कर्मी तैनात रहे। वहीं इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली से 1 दिन पहले मंगलवार को ही जगह जगह पर बूढ़े बुजुर्गों यहां तक की महिलाएं भी होली खेलते






हुए नजर आ रहे थे ग्रामीण क्षेत्रों में कस्बों बाजारों गांव में छोटे–छोटे बच्चे एक दूसरे पर रंग डाल रहे थे वहीं महिलाएं दिन से पीछे नहीं थी क्योंकि कुछ गांव में आज भी पुरानी होली की परंपरा है के ग्रामीण क्षेत्रों में वह महिलाएं बाहर तो नहीं होली से 1 दिन पहले उनके घर के सामने से जो लोग भी गुजर रहे थे तो बच्चों लड़कियों के साथ–साथ वह भी एक दूसरे पर एक वहां से गुजर रहे थे उन लोगों पर रंग डालते हुए नजर आ रही थी। सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों में सभी थाना अध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक अपने–अपने थाना क्षेत्रों में फूल का दहन स्थलों तथा संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करते हुए वहां पर पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करते हुये वहां पर मौजूद सभी लोगों को सख्त चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि आप सभी लोग होली पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मनाएं और अगर इस दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो पुलिस उसके साथ सख्ती से पेश आएगी।

# इसौली के पूर्व प्रधान राज किशोर श्रीवास्तव के पुत्र पर धारदार हथियार से बदमाशों ने किया हमला : हालत गंभीर :पुलिस कार्यवाही में जुटी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : इसौली ग्राम सभा में अज्ञात बदमाशों के द्वारा घर में घुसकर किया गया चाकू से हमला स्थिति गंभीर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली ग्राम सभा में रमेश कुमार श्रीवास्तव के घर में अज्ञात बदमाशों के द्वारा रात 12:20 बजें घर के पीछे से बांस लगाके चढ़े घर में सो रहे रमेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र राज किशोर श्रीवास्तव के ऊपर धारदार हथियार से वार किया गया जिससे काफी चोटें आई हैं वहीं परिजनों के द्वारा गुहार मचाने पर स्थानीय लोग दौड़े बदमाश छत से कूदकर फरार हो गए ।गंभीर अवस्था में एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय भेजा गया है जहां पर इलाज



चल रहा है इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है वही बल्दीराय की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।खबर लिखे जाने तक कोई किसी की गिरफ्तारी नही हो सकी थी।

# ट्रेन में चोरी करने वाले आरोपी को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) होली पर्व को लेकर जीआरपी पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद दिख रही है।जिसके चलते थानाध्यक्ष जीआरपी एस पी शुक्ला के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान एक शातिर चोर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के सामान बरामद किया।पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ पूजा यादव के निर्देश में होली पर्व को देखते हुए ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट जहरखुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।इसी के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष जीआरपी अयोध्या कैन्ट एस पी शुक्ला द्वारा गठित टीम में शामिल उप निरीक्षक अशोक कुमार पाठक जीआरपी चौकी जीआरपी थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट , कांस्टेबल अभिषेक कुमार सिंह जीआरपी चौकी जीआरपी थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट, हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव थाना जीआरपी चौकी जीआरपी थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट ,कांस्टेबल प्रवीण दीक्षित थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट के सहयोग से सोमवार को एक शातिर चोर रुस्तम पुत्र मुस्तफा खान निवासी ग्राम दशलावन थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या हाल पता पत्थरकट चौराहा थाना बीकापुर अयोध्या को रेलवे स्टेशन आचार्य नरेन्द्र देव नगर प्लेटफार्न नं0 के पश्चिमी छोर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये आरोपी के पास से चोरी के मोबाइल, 3700 रूपये नगद सहित अन्य सामान बरामद किया।जीआरपी पुलिस ने बताया कि अपराध का तरीका प्लेटफार्म व ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, जेवर बैग एवं मोबाइल की चोरी करने का शातिर किस्म का अपराधी हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आज से करीब 4–6 माह पूर्व उसने क्रमशः छपरा–लखनऊ एक्स० कैफियात एक्स व लोकनायक एक्स में यात्रा करने वाले यात्रियों मोबाइल, नगद रूपया चौन एवं ट्राली बैग मुझ रूस्तम द्वारा चोरी करके अपना खर्च चलाता हूँ जो आज पकड़े गये है और चोरी के मोमाइल, नगद व ट्राली बैग बरामद हुआ है।

# भारत भारती पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने प्रदेशवासियों को होली के पर्व पर बधाई दी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत भारती पार्टी के लखनऊ स्थित कार्यालय पर नगर निगम चुनाव के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश के प्रत्येक जिलों से आए पदाधिकारियों एवं प्रत्याशियों से आगामी नगर निगम चुनाव के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने परिचार्च की और उन्हें चुनाव के संबंध में दिशा निर्देश भी दिए और होली के पर्व पर सभी को बधाई दी और समस्त पदाधिकारियों एवं प्रत्याशियों से कहा कि होली के पर्व पर जरूरतमंद लोगों की मदद करे और यदि उनके वार्ड में किसी भारतीय सेना के जवान का घर हो तो उनके एवं उनके परिवार के साथ होली पर्व भी मनाए उन्होंने होली पर्व के बारे में बताया कि होली एक ऐसा रंग बिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। प्रेम भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई–चारे का संदेश देता है। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली के साथ अनेक कथाएं जुड़ीं हैं। होली मनाने के एक रात पहले होली को जलाया जाता है। इसके पीछे एक लोकप्रिय पौराणिक कथा है। भक्त प्रह्लाद के पिता हरिण्यकश्यप स्वयं को भगवान मानते थे। वह भगवान विष्णु जी के विरोधी थे जबकि प्रह्लाद विष्णु जी के भक्त थे। उन्होंने प्रह्लाद को विष्णु भक्ति करने से रोका जब वह नहीं माने तो उन्होंने प्रह्लाद को मारने का प्रयास किया। प्रह्लाद के पिता ने अपनी बहन होलिका से मदद मांगी। होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। होलिका अपने भाई की सहायता करने के लिए तैयार हो गई। होलिका प्रह्लाद को लेकर चिता में जा बैठी परन्तु भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका जल कर भस्म हो गई। यह कथा इस बात का संकेत करती है की बुराई पर अच्छाई की जीत अवश्य होती है। आज भी पूर्णिमा को होली जलती हैं, और अगले दिन सब सभी लोग एक दूसरे पर रंग गुलाल, अबीर और तरह–तरह के रंग डालते हैं। यह त्योहार रंगों का त्योहार है। बैठक में लखनऊ से ओम प्रकाश मौर्य, संजय मिश्रा, शनि कुमार, पिंटू वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, प्रभाकर वर्मा,अयोध्या से विवेक गुप्ता,श्रीमती मनीषा गुप्ता,बाराबंकी से सानू कुमार रावत, रमेश रावत, उमेश कुमार यादव, कानपुर से विनय कुमार निगम, चन्द्र प्रकाश, गोरखपुर के प्रसिद्ध प्रताप सिंह अभिमन्यु सिंह, वाराणसी से रुप प्रजापति आलोक पांडे अभय पांडे अन्य लोग उपस्थित रहे।

देश की उपासना हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर मंगलवार 07 मार्च 2023

# होली पर्व पर मदिरा की दुकानों व अवैध शराब निर्माण की विक्री आदि को लेकर जिलाधिकारी जौनपुर शक्त

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, आबकारी निरीक्षक की संयुक्त टीमों द्वारा होली पर्व के दौरान अवैध शराब निर्माण, परिवहन, भण्डारणध्बिक्री पर पूर्णतया अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत संचालित विशेष प्रवर्तन अभियान में की गयी कार्यवाही एवं आगामी दिनों में की जाने वाली कार्यवाही हेतु समीक्षा बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि होली पर्व पर मदिरा की बढ़ी हुई मॉग की पूर्ति किसी भी दशा में अवैध श्रोतो से न होने पाये। इसके दृष्टिगत जनहित में अवैध शराब के निर्माण, सप्लाई एवं बिक्री से संबंधित स्थलों एवं व्यक्तियों पर प्रभावी कार्यवाही किया जाय। विशेष प्रवर्तन अभियान मे प्रतिदिन/साप्ताहिक रूप से कार्यो का विभाजन करते हुए योजनाबद्व ढ़ग से कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। अवैध मदिरा के परिहवन की दृष्टि से संदिग्ध मार्गो एवं राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गो पर स्थित संदिग्ध ढ़ाबों एवं वाहनों की आकस्मिक रूप से सघन जॉच किया जाय। जनपद में संचालित रेस्टोरेन्टों/होटलों/मैरेज हालों के संचालको को अपने परिसर में प्रतिबंधित/बन्दी अवधि को छोड़कर, मदिरा के उपभोग की आवश्यकता होने पर उनको उपभोग अवधि के लिए आन लाईन अकेजनल बार लाइसेंस लेने के लिए प्रेरित किया जाय साथ ही गोपनीय रूप से जॉच करते हुए यह सुनिश्चित किया जाय कि वहॉ पर किसी भी समारोह में वैध/अवैध मदिरा का अवैध रूप से बिक्रीध्उपभोग कदापि न हो अन्यथा की दशा में संबंधित के विरूद्व कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। नियमित रूप से मदिरा दुकानों की आकस्मिक रूप से चेंकिग किया जाए जिसमें मदिरा की स्टाक की स्कैनिंग करते हुए सघन जॉच किया जाय जिसमे गम्भीर अनियमितता मिलने पर संबंधित के विरूद्व विधिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि होली पर्व पर बन्दी के पूर्व मदिरा की बिक्री में व्यापक रूप में



विक्रेताओं द्वारा ओवर रेंटिग की जाती है तथा बन्दी अवधि में दुकानों के आस पास से मदिरा की बिक्री की जाती है। उक्त के दृष्टिगत प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाय कि उपरोक्त अनियमितता किसी भी दशा में न होने पायें अन्यथा की दशा में संबंधित के विरूद्व कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। विशेष प्रवर्तन के दौरान प्रतिदिन की गयी कार्यवाही को प्रचारित एवं प्रसारित किया जाय। इसके लिए सोशल मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया पर खबर देते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी किया जाय। अवैध मदिरा के व्यापार में पूर्व में सक्रिय माफियाओं/तस्करों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखा जाय तथा संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर संबंधित के विरूद्व कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। अवैध मदिरा के पकड़े गये अभियोगों में आबकारी अधिनियम के साथ–साथ आवश्यकतानुसार आई0पी0सी0की सुसंगत धाराओं में एफ0आई0आर0 दर्ज कराया जाय। विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान होने वाली कार्यवाही रिजल्ट ओरिएन्टेड होना चाहिए। होली पर्व पर मदिरा दुकाने 08 मार्च 2023 को सांयकाल 4:00 बजे तक बन्द रहेगी जिसे सुनिश्चित कराने के लिए संयुक्त टीम के प्रभारी अपने स्टाफ के साथ भ्रमणशील रहेगें। प्रिन्ट/सोशल मीडिया को कोई भी अनावश्यक/नकारात्मक बयान अथवा अवसर न दे और न ही कोई नकारात्मक कार्य करें जिससे उसे प्रसारित होने का अवसर मिले। होली पर्व के दौरान कलेक्ट्रेट संचालित कट्रोल रूम में संबंधित विभागों की तरह आबकारी विभाग का भी एक कार्मिक शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही हेतु 24 घण्टे रोटेसन के आधार पर उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान सहित उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, आबकारी निरीक्षक उपस्थित रहे।

# जागरूकता से होगा टीबी का खात्मा : 105 क्षय उपचाराधीनों को बांटी गई पोषण किट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा सोमवार को क्षय मुक्त भारत अभियान के तहत संस्था ने गोद लिए गए 105 टीवी पेशेंट के लिए टीवी जागरूकता कार्यक्रम एवं पोषण के वितरण का आयोजन किया गया। कम्युनिटी सपोर्ट टू टीबी पेशेंट कार्यक्रम के तहत हुए इस आयोजन में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह के हाथों उन्हें यह किट दी गई। समिति की ओर से इस शिविर का आयोजन क्षयरोगियों को न्यूट्रीशनल किट एवं वोकेशनल सपोर्ट के लिए था। इस दौरान सीएमओ ने 'मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास, टीबी हारेगा, देश जीतेगा एक दिन' गीत गाकर क्षय उपचाराधीनों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस समय क्षयरोग का पूरी तरह से उपचार संभव है। क्षयरोगी ठीक होकर सामान्य जिंदगी जी रहे हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) बदलापुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ संजय दूबे ने क्षयरोगियों से कहा कि समय से दवा लेकर तथा दवा का कोर्स पूरा कर क्षयरोगी पूरी तरह से ठीक हो रहे हैं। स्वस्थ होने के लिए जरूरी है कि कोर्स पूरा होने तक दवा बंद नहीं की जाए। इस दौरान पोषणयुक्त खाने का पूरा ध्यान रखें। डॉक्टर की सलाह लेते रहें। शत–प्रतिशत ठीक होने की संभावना है। कार्यक्रम में क्षय रोगियों को पोषण किट वितरित किया गया। जिसमें चना, गुड़, सत्तू, बॉर्नविटा हॉरलिक्स भी दिए गए।उन्हें स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां व परहेज भी बताए गए। साथ ही साथ सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बताते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था प्रमुख डॉ अंजू सिंह ने बताया कि अभियान चलाकर दूरदराज मरीजों के घर भी जाकर उनका हालचाल लिया गया और उन्हें पोषण किट वितरित किया गया।इस मौके पर संस्था के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अति. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अभिषेक वर्मा, एसटीएलएस रमेश यादव, खुदौली डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार उपाध्याय, विजय सिंह, ऋषि दूबे सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सारे रंगों को सम्मिलित रूप में जीने से शरीर और मन दोनों ही प्रफुल्लित रहते हैं –डॉ शिखा गुप्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हेल्थ इज वेल्थ हॉलिस्टिक क्लीनिक में हर महीने की 6 तारीख को एक निःशुल्क कैंप का आयोजन होता है ।यह कैंप क्लब 35 के नाम से लायंस क्लब आस्तित्व के सहयोग से चल रहा है ।इसी क्रम में रंगो के त्योहार होली को ध्यान में रखते हुए डॉ शिखा गुप्ता ने रंगो का जीवन पर महत्व बताया। किस बीमारी में कौन सा रंग किस प्रकार प्रयोग करना चाहिए इसकी जानकारी दी। सूर्य के सफेद दिखने वाले प्रकाश में सात रंग होते है और हमारे शरीर में 7 चक्र होते हैं इन सातों चक्रों का अलग–अलग रंग होता है और जब हम बीमार होते हैं तो जिस भी चक्र से जुड़े हुए अंग में परेशानी होती है उसका रंग हल्का हो जाता है और जो रंग हल्का होता है हमें उसी रंग की आवश्यकता होती है। ईश्वर ने हमें ऐसा बनाया गया है कि हमें उसी रंग के लिए मन करता है उसी रंग को पहनने का उसी रंग के आसपास रहने का जिसकी हमारे शरीर को जरूरत है । यदि हम बहुत ध्यान से जाने अपने आप को समझे तो समय–समय पर हमें अपना रंग अलग अलग तरीके से पसंद होता है अलग–अलग समय पर अलग–अलग रंग हम पसंद करते हैं इसका यह कारण है कि हमारे शरीर के अंदर जिस रंग की कमी है उसको हम स्वभाविक तरीके से पसंद करते हैं अलग–अलग रंगों के फूलों को आस पास रहने से अलग–अलग रंगों के कपड़े पहनने से अलग–अलग रंगों के फलों को खाने पीने से अलग–अलग रंगों को देखने से हमारे अंदर



रंग की कमी पूरी होती है इसलिए सारे रंगों को सम्मिलित रूप में जीने से शरीर और मन दोनों ही प्रफुल्लित रहते हैं। इस अवसर पर अलग–अलग रंगों से बना हुआ पुदीने का शरबत कांजी और बहुत सारे हेल्थ ड्रिंक्स के माध्यम से अलग–अलग रंगों को किस तरह से आत्मसात किया जाए यह भी बताया गया ।और फूलो से घर पर किस प्रकार प्राकृतिक रंग बनाए यह भी बताया गया । गायत्री शक्ति पीठ द्वारा यज्ञ से वातावरण सकारात्मक हुआ और सभी को आशीर्वाद भी मिला। योग गुरु के. डी.मिश्रा ,अरुण मिश्रा , योगाचार्या मधुलिका ,लायंस अस्तित्व के सदस्य ,हेल्थ इज वेल्थ में चिता कराने आने वाले सभी मरीज और गायत्री शक्तिपीठ से लोगो की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## नेशनल डेंटिस्ट डे के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नेशनल डेंटिस्ट डे के अवसर पर स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेन्स कं लि.के तत्वावधान में दन्त जागरूकता गोष्ठी एंव निःशुल्क दन्त परिक्षण शिविर का आयोजन केयर डेंटल स्पेशियलिटी सेंटर रूहट्टा



पर किया गया। जिसमें मुख एंव दन्तरोग विशेषज्ञ डॉ तूलिका मौर्या ने बताया कि दन्त विज्ञान में कई नये शोध हुए हैं, जिससे दांत का इलाज अत्यंत सुविधायुक्त हो गया है,अब दांत खराब होने पर दांतों को बचाने के अनेकों इलाज उपलब्ध हैं। जिससे दांत को बिना निकाले ठीक किया जा सकता है ।जिनका दांत नहीं होता वो खाना ठीक से चबा नहीं पाते जिसका सीधा प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है;अब नयी तकनीक से आर्टिफिशल दांत लगाना अत्यंत आसान हो गया है। इसके अलावा नयी तकनीक से टेढ़े मेढ़े दांत सीधे करना,चेहरे की सर्जरी,पायरिया का उचित इलाज संभव है। आगंतुकों का स्वागत करते हुए मुख एंव दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव प्रकाश मौर्य ने बताया कि मुख से सम्बन्धित बीमारियों के प्रति सचेत रहें ।खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें,सुबह एवं रात को सोने से पहले ब्रश अवश्य करें। दन्त परिक्षण शिविर में कुल 22 लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम संयोजक विक्रम कुमार गुप्त ने डा.गौरव प्रकाश व विपिन मौर्या ने डा.तुलिका को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर विक्रम कुमार गुप्त,विपिन मौर्या,महेन्द्र मौर्या, मधु सिंह,मोहित शर्मा,अजीत विश्वकर्मा,प्रदीप कुमार,विशाल मौर्या,रिंकी यादव,सुनीता मौर्या,सिद्धार्थ सिंह,सुमन आदि उपस्थित रहें।

# प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर पर बीइओ नें बच्चो के साथ खेली होली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के बच्चों ने खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह को अपने बीच पाकर उनके साथ व विद्यालय के शिक्षकों के साथ जम कर होली खेले। इसके साथ ही



प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में भी बच्चों ने आपस मे और शिक्षकों के संग होली खेली। इस दौरान बीइओ ने कहा कि रंगो के इस त्योहार को बच्चों के बीच मनाने का अनुभव अलग ही है। बच्चों से उन्होंने कहा कि होली पूरे देश का एकमात्र ऐसा त्योहार है जो समृद्धि साहस और सौम्यता का त्योहार है जिसमें सामाजिक भेदभाव को दरकिनार करके लोग अपनत्व के भाव से एक दूसरे को रंग लगाते है और पूरे जीवन के मंगलमय होने की कामना करते है । विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि रंगों के इस त्योहार को हर्षोल्लास के मनाए और आपस मे लड़ाई झगड़े न करके आपसी समरसता बनाये यही होली के त्यौहार का सबसे बड़ा संदेश है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने कहा कि बच्चों के बीच इस तरह के आयोजन से बच्चों की मुखरता बढ़ती है और बच्चों में प्रेम समरसता बढ़ती है तथा भेदभाव डोर होता है। इस अवसर पर मनोज कुमार श्यामधर नेहा जायसवाल मंजू जैसवार आराधना उपाध्याय गजाला बानो माधुरी सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में भी बच्चों ने आपस मे और शिक्षकों संग जमकर होली खेली। प्राध्यापिका संयुक्ता सिंह ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि ये आपसी भाईचारा का त्यौहार है घर पर सौहार्दपूर्ण तरीके से आप लोग मनाए। इस अवसर पर रीनू देवी आशा देवी शुभम पाल सुषमा यादव राजकुमारी देवी उपस्थित रही।

## भूमि विवाद में चले लाठी डंडे से 9 लोग घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के पट्टीचकेसर में सोमवार की दोपहर भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चले लाठी डंडे से दोनों पक्षों से 9 लोग घायल हो गए सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के उक गांव में सोमवार की दोपहर पडोसियों से भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चले लाठी डंडे से दोनों पक्षों से करमजीत (48)पुत्र उदयराज, अमरजीत (55)पुत्र उदयराज, मुकेश (40)पुत्र राम दुलार, प्रेमकला (22)पत्नी विजय कुमार, राम चरित्तर (45)पुत्र राम दुलार, रमाशंकर (30)पुत्र शंतलाल, लालमन (60)पुत्र अब्बू, नीमा (55)पत्नी लालमन, अनारा (55)पत्नी तिलक राज घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## उपद्रवियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा– एसपी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा. अजय पाल शर्मा ने सोमवार को क्षेत्र के अमिहित और कुसैला के होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। व अधिनस्थों को होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सबसे पहले कुसैला गांव पंहुचे जहां पूर्व में होलिका दहन को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद अमिहित गांव में पंहुचे। दोनों स्थलों का निरीक्षण के बाद पुलिस कप्तान ने ग्रामीणों से मिले और आपस में मिलजुल कर प्रेम से त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने अपने अधिनस्थों को निर्देशित किया कि उपद्रव व हुड़दंग करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलांवा होलिका दहन स्थलों पर लेखपाल, पुलिस, व चौकीदार अपनी नजर बनाएं रखें।

# परीक्षा के दौरान बाहर खड़ी गाड़ियों की डिग्गी से कई मोबाइल हुए गायब

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उदया पब्लिक स्कूल में हो रही परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखे मोबाइल काफी संख्या में गायब हो गए । परेशान बच्चों ने स्कूल प्रशासन से शिकायत किया तो उन्होंने अपने हाथ खड़े कर लिए तब मजबूर होकर साहबगंज चौकी में सूचना दी गई। साहब गंज चौकी की पुलिस ने अपनी सीमा के बाहर का मामला कह कर हाथ खड़े कर लिए तो परीक्षार्थियों ने जिले के कप्तान को प्रार्थना पत्र दिया है जहां पर आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही खुलासा हो जाएगा और बच्चों को मोबाइल वापस दिलाने का आश्वासन मिला। मालूम हो कि अनिल सरस्वती स्कूल के बच्चों की परीक्षा उदया में हो रही है।

# पीड़ित का आरोप : पुलिस ने छिनैती की घटना में चोरी का मुकदमा दर्ज कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के बासबारी निवासी रामप्रकाश सिंह जोखु के साथ दस दिन पहले 24 फरवरी दिन शुक्रवार को लगभग आठ बजे हुई छिनैती की घटना में अबतक खुलाशा न होने व छिनैती की जगह चोरी का मुकदमा दर्ज होने से आहत रामप्रकाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से मिलकर प्रार्थना पत्र देते हुए गुहार लगाकर बताया कि केराकत के सिहौली चौराहे पर मेरा मेडिकल स्टोर है वही से वापस आते समय शुक्रवार 24 फरवरी रात लगभग आठ बजे में अपनी दुकान बन्द करके घर जा रहा था कि मुख्यमार्ग से बासबारी लिंक मार्ग पकड़कर ज्यों ही बाढ़ू सिंह के भट्ठे से आगे बढ़ा, मोड़ पर पहले से ही तीन अज्ञात एक मोटरसाइकिल से घात लगाकर खड़े थे, ज्यों ही मेरी मोटर साइकिल उनके समीप पहुंची, मेरी मोटर साइकिल को धक्का मार कर गिरा दिया गया, उसके बाद हमको लात घूंसा व हाथ से बुरी तरह से मारते पीटते हुए हमारे कनपटी पर कट्टा लगा कर चाँदी की अंगूठी, पाँच हजार रूपये नकद, मोबाइल, मेरी मोटर साइकिल पैसन प्रो, दो ए०टी०एम० कार्ड और मेरा पैन कार्ड व आधार कार्ड सब हमारे जेब से छीनकर मोटर साइकिल से लेकर फरार हो गये। छिनैतीकर्ता अज्ञात व्यक्ति के मारने पीटने से हमको अन्दरूनी पेट, पीठ, सीना व दाहिने हाथ पर काफी चोटे आई, मुकदमे में हमारे घर से कोतवाली की दूरी 15 किलोमीटर दूर दिखाया गया है, जबकि हमारा घर केराकत कोतवाली से मात्र चार से पांच किलोमीटर दूर है, और हमारे साथ घटना छिनैती की हुई और मुकदमा चोरी का लिखा गया है, इससे हमारे हक के अधिकार पर आघात पहुँचा है। वही पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कोई कार्यवाही सही ढंग से नहीं की गई है, एसपी जौनपुर से गुहार लगाते हुए कहा कि इसको संज्ञान में लेकर विधिक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। वही इस बाबत प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि प्रयास जारी है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा और होली मिलन समारोह संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा नगर के टी डी कॉलेज दक्षिणी हाल में ट्रस्ट कोषाध्यक्ष नागेंद्र सिंह और महासचिव राधिका सिंह के नेतृत्व में कार्यकारिणी की बैठक के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया ! बैठक में ट्रस्ट के. सहमति से तीन समितियों का गठन हुआ, जिसमें शिक्षा समिति अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव , ज्योति श्रीवास्तव सचिव एवं दीपक श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष डॉ आकांक्षा, डॉ शैली निगम सचिव एवं विद्याधर राय विद्यार्थी मीडिया प्रभारी समाजसेवा समिति अध्यक्ष वंशिका मौर्य , ममता गुप्ता सचिव, और ज्ञान चंद गुप्ता को मीडिया प्रभारी घोषित किया गया! नए सदस्य के रूप में स्वर्ण व्यवसायी अमर जौहरी, अब्दुल्ला तिवारी, डॉ प्रशांत, कनक सिंह, मनीष मौर्या, रीना वर्मा, अरुण वर्मा, सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया! कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ समर बहादुर सिंह ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा बहुत ही शानदार और नेक कार्य किया जा रहा है, आज पुरुष जब बाहर निकलता है तो घर के लोग बेफिक्र रहते हैं, पर महिलाओं के लिए चिंता बनी रहती है वही उसी समाज में इस ट्रस्ट की महिलाए आज दिन रात बाहर निकलकर समाज में एक अच्छी मिसाल पेश कर रही है, ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिँह पूरे जिले में ही नहीं अपितु पूरे देश में एक नारी शक्ति की मिशाल



है जो ट्रस्ट के माध्यम से लोगों को जागरूक के साथ मदद के लिए आगे आ रही है,! उर्वशी सिँह ने कहा कि आप लोगों के सहयोग और आशीर्वाद के साथ भविष्य में ट्रस्ट द्वारा और बेहतर और समाज के लोगों को जोड़कर कार्य किया जाएगा! कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरी ने आभार पिंकू मौर्या वाराणसी प्रभारी ने किया! कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी! कार्यक्रम में मुख्य रूप से यशी गुप्ता, राजकुमार सिंह, अजित सिंह, अनूप, , संजय चौरसिया, दीपक सिंह, सुनील और अन्य शहर के सम्मानितगण उपस्थित रहे!

# यूपी में सभी सीटों पर खिलेगा कमल– रामचंद्र यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा 2024 को लेकर चुनावी तैयारियां शुरू कर दी है।रविवार को रूदौली विधानसभा के कृष्णा आर टी एस कॉलेज नरौली में बूथ सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला लगाकर बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने बूथ शशक्तिकरण की बैठक में शिरकत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 की 80 सीटों पर कमल खिले और पुनः केंद्र में मोदी सरकार बने। उन्होंने कहा कि हर एक बूथ को मजबूत करना है।जिससे इस बार 80 की 80 सीटो पर विजय प्राप्त हो और भाजपा की ऐतिहासिक जीत हो।आने वाले समय में फिर एक बार मोदी सरकार देश में बनाना है। इसके लिए हम सभी को जनता के बीच जाना होगा।हर गांव गली मोहल्ला में जाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लोगो के बीच बताना होगा।प्रदेश संगठन की मंशा अनुसार कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य के साथ कार्य पूर्ण करना है।मंडल अध्यक्ष शेखर गुप्त ने बताया कि कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। बूथ पर होने वाले उन्होंने प्रत्येक पर होने वाले छह कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम प्रमुखों को कार्यक्रम सम्पन्न कराने हैं। पार्टी स्थापना दिवस, अंबेडकर जयंती को समरसता दिवस, श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, अटलजी की जयंती सुशासन दिवस, पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस मनाने एवं पार्टी के अन्य कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा किशोरी लाल भारती,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निर्मल शर्मा,तेज तिवारी,शिव कुमार पाठक, कमलेश यादव, शेखर गुप्त, डीडीसी राम नेवल लोधी, शिवाकांत मिश्र, आशीष सिंह, राजेश यादव,राम अवध यादव,शुभम मिश्रा, पवन राजपूत सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डिजिटल दुनिया महिलाओं के लिए सशक्त हथियार –प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में मंगलवार को एक वेबीनार का आयोजन किया गया। इसका विषय डिजिट ऑल : इन्नोवेशन एंड टेक्नोलघॉजी फॉर जेंडर इक्वैलिटी। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि ऐसे दिवस मनाने का उद्देश्य होता है कि लोगों की उस विषय को लेकर जागरूकता बढ़ायी जाई। नारियों में वह शक्ति है कि वह अपने अधिकारों को अपने कार्यों से ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल दुनिया महिलाओं के लिए एक सशक्त हथियार है। उन्होंने कहा कि नारियां दुनिया की सबसे सुन्दर कल्पना है और नारियों के लिए कोई भी चीज नामुमकिन नहीं है। विशिष्ट वक्ता नलिनी मिश्रा ने कहा कि शिक्षा वह यंत्र है जिससे हम लैंगिक समानता ला सकते है। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों की सहायता से हम महिलाओं को जोड़कर शिक्षित कर सकते हैं। डिजिटल माध्यमों से ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को भी जोड़कर उन्हें शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्




यम का इस्तेमाल इतना आसान है कि हम सभी इसका उपयोग कर सकते हैं। विशिष्ट वक्ता मनीषा झा ने कहा कि कानूनी ज्ञान से ही महिला समानता संभव है। नई तकनीकी के आने से महिलाओं को कई क्षेत्र में समानता मिली है। वेबीनार का संचालन डॉ. सोनम और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डॉ. अनु त्यागी, हेदायत फात्मा, आंचल सिंह, रिशु मौर्य, सूरज यादव, सोनी यादव, संस्कार श्रीवास्तव सहित तमाम छात्र वेबीनार से जुड़े रहे।

# फिल्मी जगत में उत्तर प्रदेश सरकार यूपी में फिल्म सिटी का निर्माण कराने का दे रही है मौका

अयोध्या डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेन्द्र कुमार। उत्तर प्रदेश सरकार यूपी में फिल्म सिटी का निर्माण कराने जा रही है फिल्म सिटी के निर्माण से उत्तर प्रदेश के कलाकारों को एक अच्छा मौका मिलेगा अपनी कला प्रदर्शित करने का वही आज अयोध्या के हनुमानगढ़ी पर संदेह मूवी का ट्रेलर लॉन्च किया गया और इस मूवी से नौजवानों को संदेश देना है कि किस तरह से हमारी युवा पीढ़ी जो भटक रही है उसको सही राह दिखाने के लिए इस मूवी को बनाया गया है इस मूवी में तमाम तरीके के संदेह दिखाए गए हैं और वही अयोध्या में नामचीन फिल्म मस्तियां अपना–अपना ट्रेजर लांच करने के लिए अयोध्या आते हैं जिससे अयोध्या को बढ़ावा मिल रहा है। अयोध्या पहुंचे फिल्म के खलनायक गौरव कुमार ने योगी जी को दिल से धन्यवाद दिया और कहां की फिल्म सिटी इतना अच्छा शुरू किया इससे यूपी के कलाकारों को बहुत मौका मिलेगा जब फिल्म सिटी बन जाएगी तो मुंबई जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी संदेश की बात यह है कि आजकल के युवा जो पीढ़ी है नए जो युवा है आजकल भटक रहे हैं उसको एक सीधा संदेश बहुत अच्छा है इस फिल्म में और संदेह नाम ही ऐसा है कि संदेह पर संदेह रहेगा । वही हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी लाने के लिए जो प्रयास किया जा रहा है यह फिल्म जगत के लिए बहुत ही अच्छा अवसर है और जो संदेह मूवी बनाई जा रही है इससे भटकते हुए जो नौजवान हैं वह कैसे परिवार से तालमेल बनाएं माता पिता किस प्रकार से बच्चों को प्यार दे सके बच्चों से जुड़ सकें बच्चे की मन में जो भाव है जो संदेह है उसको किस प्रकार से दूर किया जा सके इस पिक्चर के माध्यम से दिखाया गया है। राजू दास ( पुजारी हनुमानगढ़ी )...योगी जी उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी लाने के लिए जो प्रयास कर रहे हैं फिल्मी जगत से वार्ता करके लेकिन लगातार बायकॉट यह पिक्चर नहीं चलेगी वह पिक्चर नहीं चलेगी ऐसा क्यों होता था ऐसा इसलिए होता था कि टारगेट करके हिंदू–मुस्लिम हिंदू देवी देवताओं को गाली देकर नग्नता परोस कर उल्टी–सीधी बात करके इस के नाते जो सनातन को मानने वाले थे वह एक बायकॉट करते थे मुझे लगा एक संदेह है इन लोगों ने एक मूवी बनाई है एक पिक्चर बनाई है जिसमें उन्होंने




दर्शाया है कि भटकते हुए जो नौजवान हैं वह नौजवान कैसे परिवार से तालमेल बनाएं माता पिता किस प्रकार से बच्चों को प्यार दे सके बच्चों से जुड़ सकें बच्चे की मन में जो भाव है जो संदेह है उसको किस प्रकार से दूर किया जा सके इस पिक्चर के माध्यम से दिखाया गया है। गौरव कुमार ( खलनायक )...सबसे पहले माननीय योगी जी का दिल से धन्यवाद देना चाहूंगा जो उन्होंने फिल्म सिटी का इतना अच्छा शुरू किया इससे यूपी के कलाकारों को बहुत मौका मिलेगा जब फिल्म सिटी बन जाएगी तो मुंबई जाने की भी जरूरत नहीं बनेगी फिल्म के विषय में आते हैं इसके प्रोड्यूसर हैं हमारे प्रदीप श्रीवास्तव जी हैं डायरेक्टर अयाज खान जी हैं श्वेता जी इसकी राइटर हैं स्क्रिप्ट लिखी है संदेश की बात यह है कि आजकल के युवा जो पीढ़ी है नए जो युवा है आजकल भटक रहे हैं उसको एक सीधा संदेश बहुत अच्छा है इस फिल्म में और संदेह नाम ही ऐसा है कि संदेह पर संदेह रहेगा ज्यादा कुछ तो इस स्क्रिप्ट के बारे में नहीं बता पाएंगे पर आप लोग फिल्म जरूर देखिएगा हम लोग इसका एक ट्रेजर भी लांच कर रहे हैं यह शाम को 5:00 बजे यूट्यूब पर आ जाएगा टीचर पोस्टर लांच कर दिया है और अपने गुरु जी का मैं दिल से धन्यवाद देना चाहूंगा हमारे महंत जी जो इतना अच्छा आशीर्वाद हमें दिया यहां पर मैं दिल से धन्यवाद देना चाहूंगा संदेश को लेकर यही है कि आजकल के युवा है भटक रहे हैं उसको एक अच्छी दिशा में लाना उसी संदेह में हम लोग दिखाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

# आंख का ऑपरेशन कराने के नाम पर वसूली में एक दलाल गिरफ्तार : वसूले थे 7500 और मांग रहा था 5 हजार

अयोध्या डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेन्द्र कुमार। जिला अस्पताल प्रशासन की तमाम कवायद के बावजूद भोले–भाले मरीजों से धनउगाही का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जिसके पीछे प्रमुख कारण अस्पताल स्टाफ की मिलीभगत है। सोमवार को आंख के ऑपरेशन के मामले में 7500 रुपये की वसूली में अधीक्षक ने एक युवक को पुलिस से पकड़वा दिया। वह मरीज के परिवार से और पांच हजार की डिमांड कर रहा था। हालांकि घंटों चली पंचायत के बाद चौकी में दोनों पक्षों ने सुलह–समझौता कर लिया। बताया गया कि महाराजगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकापुर गांव निवासी 57 वर्षीय सुकराती पत्नी धर्मराज के आंख का ऑपरेशन होना था। ऑपरेशन कराने के नाम पर रितेश तिवारी नामक युवक ने महिला मरीज के बेटे सुजीत से 7500 रुपये ऐंठ लिया। सोमवार को सुजीत 10:30 बजे के बाद ओपीडी पहुंचा और जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा से जल्द ऑपरेशन करने की बात कही। उन्होंने माजरा पूछा तो सुजीत ने बताया कि वह पहले ही 7500 रुपये दे चुका है। बावजूद इसके पांच दिन से टरकाया जा रहा है और 5000 रुपये अतिरिक्त की मांग की जा रही है। अधीक्षक का कहना है कि माजरा देख उन्होंने होमगार्ड के माध्यम से पुलिस को सूचित किया और युवक रितेश तिवारी को पकड़वा दिया। पुलिस उसे चौकी लेकर गई है। महिला के आंख का नेत्र सर्जन डॉ. राजेश सिंह ने ऑपरेशन किया है। चौकी प्रभारी राम प्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में सुलह–समझौता कर लिया है। पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली। जिसके चलते कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# रेलवे में चोरी के तीन मामलों का पर्दाफाश : शातिर गिरफ्तार

अयोध्या डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेन्द्र कुमार। राजकीय रेलवे के अयोध्या कैंट थाना पुलिस ने सोमवार को एक शातिर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी के तीन मामलों से जुड़ा सामान और नकदी बरामद हुआ है। जीआरपी पुलिस आरोपी को अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए लेकर लखनऊ रवाना हुई है। रेलवे स्टेशन अयोध्या के चौकी प्रभारी अशोक कुमार पाठक ने बताया कि प्लेटफार्म व ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, जेवर, बैग व मोबाइल आदि की चोरी करने वाले 47 वर्षीय रुस्तम निवासी ग्राम दसलावन थाना हैदरगंज हालपता पत्थरकट चौराहा कोतवाली बीकापुर को सुबह आचार्य नरेंद्र देव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से पकड़ा गया है। इसके पास से एक टच स्क्रीन मोबाइल, कुल 3700 रुपये तथा चोरी का एक स्काई ब्लू रंग का ट्रॉली बैग मिला है। पूछताछ में उसने बताया कि यह सामान उसने पांच–छह माह पूर्व छपरा लखनऊ व लोकनायक एक्सप्रेस के यात्रियों से चोरी किया था। चौकी प्रभारी ने बताया कि तीनों मामलों में पीड़ितों ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराया था। पकड़े गए रुस्तम के खिलाफ पहले से हैदरगंज थाने में गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी समेत अन्य धाराओं में नौ मामले पंजीकृत मिले हैं।

# अयोध्या में होली के पर्व पर पीएम मोदी और सीएम योगी का क्रेज : दुकानों पर पीएम मोदी व सीएम योगी के पिचकारी की दिखी धूम

अयोध्या डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेन्द्र कुमार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का क्रेज राम नगरी अयोध्या में लोगों के ऊपर सिर चढ़कर बोल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ भगवा रंग की भी डिमांड बढ़ गई है। विपक्ष भले ही केंद्र व प्रदेश सरकार को निशाने पर रखता हो, लेकिन अयोध्यावासी इसको दरकिनार कर मोदी और योगी तारीफ करते नजर आते हैं, मौका है होली का, दुकानों पर पीएम मोदी व सीएम योगी की पिचकारी की धूम मची है, पिचकारियों पर पीएम मोदी व सीएम योगी की तस्वीर छपी है, बच्चे अपने मां बाप से मोदी और योगी की पिचकारी की ही डिमांड कर रहे हैं। दुकानदार की माने तो मोदी और योगी पिचकारी की भारी डिमांड है, कई बार आर्डर कर चुके हैं लेकिन अब जहां से मोदी और योगी की पिचकारी आती है वहां भी पिचकारी समाप्त हो चुकी है, मोदी और योगी सिर्फ युवाओं के ही नहीं बच्चों में भी खासे लोकप्रिय हैं, आलम यह है कि मोदी और योगी की तस्वीर वाली पिचकारी लोगों को अब ढूंढे नहीं मिल रही है, सारी पिचकारिया बिक चुकी हैं।

# विकास खण्ड मवई के ग्राम नेवरा में 17 आवासीय पट्टा निरस्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकास खण्ड मवई के ग्राम नेवरा में 17 लोगों को मिले आवासीय पट्टे निरस्त कर दिये गये।बताते चलें कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत ने 24 लोगों को आवासीय पट्टे का प्रस्ताव पास कर अनुमोदन के लिये उपजिलाधिकारी रुदौली के पास भेज दिया था। तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने 6–9–2021 को ग्राम पंचायत द्वारा दिये गये प्रस्ताव का अनुमोदन भी कर दिया।ग्राम वासी सुभाष चंद यादव ने जिलाधिकारी के यहां मुकदमा दायर कर आरोप लगाया था कि जिन लोगों को आवासीय पट्टा आवंटित किये गये हैं उनमे कई लोगों के पास पर्याप्त मात्रा मे जमीन भी है कुछ के पास शस्त्र लाइसेंस भी है।कुछ लोग सरकारी कर्मचारी भी हैं। जिलाधिकारी ने मुकदमे को अपर जिलाधिकारी प्रशासन के यहां ट्रांसफर कर दिया।सुभाष चंद ने बताया कि अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने 24 में से 17 लोगों को मिले आवासीय पट्टे को निरस्त कर दिया।सुभाष चंद ने बताया कि बाकी बचे 7 लोगों को मिले पट्टे को निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

# सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स ने एसपी सिटी व एसपी ग्रामीण के नेतृत्व में निकाला फ्लैग मार्च

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) होली व शब–ए–बारात पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से चौकस दिखाई दे रहा है।होली पर्व के दौरान किसी भी तरीके से जिले के किसी भी क्षेत्र से कोई अप्रिय घटना ना घटे।इसके लिए पुलिस प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।सोमवार को डीआईजी/एसएसपी मुनिराज ने जहां एक ओर अपने कार्यालय पर जिले के सभी सीओ व प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कही से किसी भी तरह की छोटी बड़ी घटनाओं को सूचना होली के दौरान न मिले। इसके लिए आप सभी लोग अभी से रणनीति बना ले। वही डीआईजी/एसएसपी मुनिराज ने यह भी दावा किया है कि इन दोनों पर्वों के दौरान अगर कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेना चाहता है या होली में खलल डालने की कोशिश करता है तो पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि जिले में पर्याप्त संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स,पैरामिलिट्री फोर्स के साथ– साथ जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद हैं। इसलिए उन्होंने लोगों से अपील किया है कि सभी लोग होली पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से मनाएं।वही लोगों में भय ना हो इसके लिए सोमवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के अलावा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रैपिड एक्शन फोर्स के सुरक्षाकर्मियों ने संबंधित थानों के प्रभारी निरीक्षक एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला।सोमवार को एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह के साथ सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी कुमार पांडे के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स के सुरक्षाकर्मियों ने कोतवाली




नगर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च कोतवाली नगर से निकलकर चौक, रिकाबगंज, रोडवेज, पुष्पराज चौराहा, फतेहगंज, गुदरी बाजार रीडगंज होते हुए कोतवाली नगर पहुंचा। इस दौरान एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने शहर वासियों को भरोसा दिलाया कि आप सभी लोग होली पर्व को खुशी खुशी मनाएं।होली पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है।उन्होंने शहरवासियों से तो भरोसा दिलाया कि पुलिस आपके साथ है अगर कहीं भी होली के दिन कोई भी छोटी या बड़ी घटना घटे तो इसकी सूचना तुरंत अपने स्थानीय पुलिस चौकी थाना पर दे।जिससे समय रहते उस घटना स्थल पर समय से पुलिस पहुंचकर रोक सके। वही इसी कड़ी में मुख्य अग्नि शमन अधिकारी एम पी सिंह व अग्निशमन अधिकारी प्रदीप पाण्डेय ने लोगों से अपील किया सनी लियोन फुल का स्थल के आसपास ज्वलनशील पदार्थ ना रखें। होलिका दहन बिजली के तारों के नीचे कतई ना करें इन दोनों अधिकारियों ने जिले वासियों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि होलिका दहन खेत खलिहानों छप्परों से दूरी बनाकर ही करें।

# अविवि में डिजिट ऑल फॉर जेंडर इक्वलिटी विषय पर वेबिनार का हुआ वृहद आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र, महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ तथा एक्टिविटी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ''डिजिट ऑल फॉर जेंडर इक्वलिटी'' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने सभी महिला शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्राओं को आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे समाज में महिलाएं प्राचीन काल से सशक्त रही हैं। बीसवीं शताब्दी के आसपास महिलाओं से उनके अधिकार छीन लिए गए। वहीं मध्य काल के दौरान समाज में बहुत सी कुरीतियां फैली जिसके कारण महिलाओं को चारदीवारी के अंदर बंदकर उनके निर्णय लेने का अधिकार छीन लिया गया और इस दरमियान महिलाओं को अबला की श्रेणी में रख दिया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि दुर्गा सप्तशती में सभी महिलाएं देवी का ही स्वरूप है। इसलिए महिलाओं का सम्मान होना चाहिए। कुलपति ने कहा कि आज की महिलाएं बहुत अच्छी तरह से शिक्षित है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कर रही हैं और कई क्षेत्रों में पुरुषों से भी आगे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे विश्वविद्यालय का डाटा यह बताता है कि 27 वें दीक्षांत समारोह में मेडल प्राप्त करने में छात्राओं की संख्या 60 प्रतिशत से भी अधिक है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि आज के समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। इनमें तमाम उपलब्धियां होने के बावजूद दूर–दराज क्षेत्रों में महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। कई स्थानों पर देखा गया कि अभी भी महिलाएं कुपोषण का शिकार है। समाज में अभी भी कई जगहों पर लड़कियों की शिक्षा तथा स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। कुलपति ने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समाज में चेतना जगाने के लिए अभी भी बहुत जरूरत है। इसकी शुरुआत सभी को अपने घर से करने के साथ महिलाओं को जाग्रत करने की जरूरत है। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि आज लोगों को यह बताने की जरूरत है कि आज की बालिकाएं कल की माताएं हैं। यदि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा तो किसी का भी स्वास्थ्य ठीक नहीं होगा। महिलाएं सम्मान की अधिकारी हैं। गुरु नानक देव ने भी कहा था महिलाओं के प्रति भेदभाव बिल्कुल भी उचित नहीं है क्योंकि महिलाएं ही हैं जो राजाओं को भी जन्म देती है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 गोयल ने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही कई योजनाओं से जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रो0 निर्मला एस० मौर्या ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। उन्होंने इस दिवस की शुरूआत जयशंकर प्रसाद की पंक्तियों से की जिसमें नारी की महत्ता को स्पष्ट किया गया है। कुलपति ने कहा कि आज हम सभी डिजिटली सशक्त जिसका साक्षात प्रमाण आज का वेबीनार है। इस डिजिटल दुनिया में महिलाओं की भागीदारी 43 प्रतिशत है। यह एक तरह से महिलाओं के लिए रोशनी की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए तो हर दिन महिला दिवस है। इनका समाज, राष्ट्र या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर जगह महिलाओं का बढचढ़ कर योगदान है। कुलपति प्रो0 मौर्या ने बताया कि प्राचीन काल में भी लोपामुद्रा जैसी महिलाएं थी जिनका दबदबा हुआ करता था। महाभारत में भी गांधारी, झांसी की रानी ,लक्ष्मीबाई, श्रीमती इंदिरा गांधी, कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जो कि पूरे उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने बताया कि छह राज्य विश्वविद्यालयों की महिला कुलपति हैं जो अपने विश्वविद्यालयों को आगे ले जा रही हैं। ये सभी डिजिटल दुनिया से ही जुड़ी हैं। कार्यक्रम में कुलपति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बताया कि 28 फरवरी 1910 को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को मताधिकार देकर मनाया गया था क्योंकि उससे पहले तक महिलाओं को मत का अधिकार नहीं था। उसके पश्चात 1975 में 8 मार्च को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत की गई। तब से लगातार यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि महिलाएं छोटे से छोटा कार्य करके भी स्वरोजगार पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि देश में कुछ ऐसी महिलाएं भी है जो उद्योगपति हैं और भारत का नाम रोशन कर रही हैं। जिनमें फाल्गुनी नायर, विनीता सिंह, गजल अलग, दिव्या गोकुलनाथ व अन्य डिजिटल दुनिया से ही जुड़ी हुई है। वह दिन दूर नहीं जब गांव की बहुत सी महिलाओं के हाथ में मोबाइल होगा और अपने कार्य डिजिटल दुनिया से कर सकेंगी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ0 अर्चना शुक्ला, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग एवं समन्वयक महिला अध्यन केंद्र, लखनऊ विश्वविद्यालय ने कहा कि जेंडर इक्वलिटी का मतलब यह नहीं है कि महिला पुरुष बराबर है बल्कि महिलाओं को उनकी योग्यता के अनुसार मौका दिया जाए। उन्होंने बताया कि हमारे समाज में ऐसा माना जाता है कि बहुत से ऐसे कार्य है जो केवल पुरुषों के द्वारा ही संपन्न किए जा सकते हैं। समाज में इस तरह की सोच को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि पुरुष ज्यादातर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं। महिलाएं टेक्नोलॉजी कम इस्तेमाल करती है। इन्हे भी सक्षम तथा स्वावलंबी बनाने के लिए टेक्नोलॉजी साउंड होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि मोबाइल ओनरशिप में पुरुषों की 79 प्रतिशत भागीदारी है। जिसमें महिलाओं की 63 प्रतिशत भागीदारी यह बताता है कि महिलाओं को अभी और जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 21 प्रतिशत पुरुष महिलाओं से ज्यादा इंटरनेट का उपयोग करते हैं। बहुत से ऐसे कारक हैं जो महिलाओं को डिजिटली सक्षम बनाने में बाधक हैं। इसके पीछे कम शिक्षित होना, पैसे की कमी, ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी तथा प्रेरणा की कमी होना। उन्होंने कहा कि यदि हम इक्वलिटी लाना चाहते हैं तो समान रूप से महिलाओं को स्वस्थ रहने का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार देना होगा। कार्यक्रम में छात्र अधिष्ठाता कल्याण एवं अध्यक्ष एक्टिविटी क्लब प्रो० नीलम पाठक ने स्वागत उद्बोधन दिया। महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ, प्रो0 की समन्वयक प्रो0 तुहिना वर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 स्नेहा पटेल द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी ने किया। तकनीकी सहयोग इंजीनियर संजय चौहान, डॉ0 नितेश दीक्षित, डॉ0 आशीष कुमार पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 सजय चौधरी, डॉ0 सुरेंद्र मिश्र, डॉ0 महिमा चौरसिया, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 निहारिका सिंह, सुश्री गायत्री वर्मा, डॉ0 मनीषा यादव, ई0 निधि प्रसाद, डॉ0 आरएन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्राएं ऑनलाइन जुड़े रहे।

# ट्रक की टक्कर से आटो चालक की मौत : आधा दर्जन यात्री घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोमवार को रायबरेली राजमार्ग पर इनायत नगर थाना क्षेत्र में तीव्र गति से जा रही ट्रक ने पीछे से आटो में टक्कर मार दी। जिसके चलते आटो चालक की मौत हो गई और उसमें सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। जिन्हें गंभीरावस्था में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।मालूम हो कि सोमवार को इनायतनगर थाना क्षेत्र के ब्रह्म बाबा के समीप तीव्र गति से आ रही ट्रक ने आटो को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ऑटो पर सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।ऑटो चालक की मौत हो गई।इस हादसे में घायलों को इनायतनगर सीएससी में भर्ती कराया गया जहां से उनकी हालत को नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नवंबर माह का मानदेय न मिलने से रसोइयों की इस बार होली रहेगी फीकी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले शहर सहित ग्यारह विकास खंडों में करीब 5160 रसोइयों की होली इस बार होली से पहले मानदेय न मिलने पर फीकी ही रहेगी।मालूम हो कि नवंबर माह का मानदेय देने की प्रक्रिया विभाग से एक सप्ताह पहले ही चल रही थी।परंतु विभागीय लापरवाही के चलते होली के बाद ही इन रसोइयों का नवंबर माह का मानदेय 2000 रुपए संबंधित रसोइयों के खातों में जा सकेगा।इस संबंध में मध्यान्ह भोजन प्रभारी सुनील सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में शहर समेत 11 विकास खंडों में इस समय 5160 रसोईया विभिन्न सरकारी स्कूलों में कार्यरत हैं। इनका अभी तक अक्टूबर तक का मानदेय 2000 ही आया हुआ है।वही यह कयास लगाया जा रहा था कि नवंबर माह का वेतन होली से पहले इन रसोइयों के खातों में चला जाएगा।जिससे इन रसोइयों की होली भी हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हो सकेगी।परंतु कुछ कागजी कार्यवाही ना पूरी होने के चलते इनका वेतन अब होली के बाद ही संभव है।क्योंकि बुधवार को होली है और जबकि मंगलवार और बुधवार होली की छुट्टी भी रहेगी।जिसके चलते अब इनका नवंबर का मानदेय होली के बाद ही संभव है।कुल मिलाकर इस बार इन रसोइयों की होली मान देना मैं मिलने के चलते फीकी ही रहेगी।

# मक्का विकास योजना अंतर्गत फील्ड डे का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकासखंड के ग्राम पंचायत बहोरीकपुर के राजस्व ग्राम मुरादाबाद में मक्का विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत वर्ष 2022 – 23 फील्ड डे आयोजन किया गया इस कार्यक्रम राजकीय बीज भंडार रुदौली के प्रभारी अनिल कुमार द्वारा मक्का की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि मक्का की खेती करके कम समय में ज्यादा लाभ कमाया जा सकता है मक्के की खेती में लागत बहुत कम आती है जिसकी बुवाई करके आप अधिक लाभ कमा सकते हैं राजकीय कृषि बीज भंडार रुदौली पर शंकर मक्का की प्रजाति छडभ – 713 बन्नी 160 प्रति किलोग्राम एवं ब्भ्(ड)–8 डॉलर मक्का 171 रुपए प्रति किलोग्राम पर उपलब्ध है जिस पर 90: का अनुदान है।इसी क्रम में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक राम सुभाय जी ने कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान के बारे में तथा बीटीएम आशीष वर्मा के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया।इस मौके पर विभागीय कर्मचारी हीरालाल मौर्य,चंद्रसेन,आत्माराम चतुर्वेदी,रामचंद्र मौर्य,अग्रणी कृषक श्री राम कुमार,मोहम्मद अकील,लालजीत सिंह,बबलू सिंह,रामअचल सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# बीएसए ने किया निपुण बच्चों को सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के विकास खण्ड सोहावल के अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विद्यालय सनाहा के निपुण बच्चों को सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सम्मानित किया। बच्चों को निपुण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। निपुण प्रमाण पत्र पाने वाले बच्चों में शिवानी सिंह, अशमिता पाण्डेय, आदर्श, अर्चिता प्रियांशी, संजना, रुकइया बानो, जिकरा फातिमा, नूर ऐन, अर्चिता, पारुल और ईकरा आदि शामिल हैं। बीएसए ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय सनाहा को अनेक उपलब्धिया प्राप्त है। जिनमें ऑपरेशन कायाकल्प के पोस्टर के लिए विद्यालय का चयन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया था। बालिका शिक्षा हेतु विद्यालय की कक्षा दो की छात्रा पारुल का चयन किया गया था। प्रेरक बालिका के रूप में कक्षा 5 की छात्रा श्रेयांशी का चयन आदि उपलब्धिया विद्यालय को प्राप्त हैं। बच्चों ने सभागार में कविताएं सुनाई एवं द्वारा दिए गए गणित के प्रश्नों को हल करके भी दिखाया। बच्चों ने पठन–पाठन से संबंधित एवं खेल कूद से संबंधित चर्चाएं की। इस मौके पर शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।